मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में बीकानेर के 323 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

बीकानेर प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर व विधायक सिद्धि कुमारी ने मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान कलेक्टर नम्रता वृष्णि व एस. पी. कावेन्द्र सागर भी मौजूद थे।

- 148 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाला यह जीएसएस भड़ला में सौर ऊर्जा उत्पादन से जुड़ेगा
- बीकमपुर और पांचू के 220 केवी जीएसएस से इसकी कनेक्टिविटी होगी

बीकानेर,(कासं)। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का राज्य स्तरीय समारोह रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा 13 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। वहीं मुख्यमंत्री ने 31 हजार करोड़ रूपए के 76 हजार से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम का जिला स्तर पर सीधा प्रसारण रविन्द्र रंगमंच पर किया गया। यहां चिकित्सा मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर मौजूद रहे। उन्होंने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को शुभकामनाएं दी और लोक सेवक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण गंभीरता से करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में नवनियुक्त कर्मयोगियों से नियमित संवाद कर उनकी हौसला अफजाई की जा रही है। यह नवनियुक्त कार्मिकों के लिए प्रेरणादायी है।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि इस दौरान वित्त विभाग के 206 ए गृह विभाग के 45 ए चिकित्सा विभाग के 52 तथा अन्य विभागों के 20 नवनियुक्त युवाओं कर्मयोगियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इससे पहले प्रभारी मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने दीप प्रज्वलित कर तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर जिला स्तरीय कार्यक्रम की शुरूआत की। कोषाधिकारी धीरज जोशी ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल जोशी ने किया।

कार्यक्रम में बीकानेर पूर्व विधायक सिद्धि कुमारी श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर, डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीकानेर विकास प्राधिकरण सचिव अपर्णा गुप्ता, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन डॉ दुलीचंद मीना, अतिरिक्त कलेक्टर नगर रमेश देव सहित जिला कोष कार्यालय के कार्मिक और नवनियुक्त कार्मिक मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रभारी मंत्री और अन्य अतिथियों ने नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मंत्री गजेन्द्र सिंह सहित अतिथियों ने सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के वरिष्ठ सहायक प्रियांशु आचार्य को कनिष्ठ लेखाकार के रूप में चयन होने पर नियुक्ति पत्र दिया। कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने आभार जताया।

इस दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी से संवाद किया। भाटी ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में बीकानेर जिले के नव नियुक्त 323 युवाओं के जीवन को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कोलायत के चक मुलाजमान में 220 केवी जीएसएस के कार्यादेश के बाद कार्य शुभारंभ के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह जीएसएस क्षेत्र में नलकूप के माध्यम से पेयजल और कृषि जल आपूर्ति के साथ जिप्सम सिलिका और सिरेमिक उद्योग के लिए लाभदायक रहेगा। लगभग 148 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाला यह जीएसएस भड़ला में सौर ऊर्जा उत्पादन से जुड़ेगा। बीकमपुर और पांचू के 220 केवी जीएसएस से इसकी कनेक्टिविटी होगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक किसानों को ऊर्जा उपलब्ध करवाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोगी साबित होगा।

उन्होंने अपने जीवन के पहले बजट में मुख्यमंत्री द्वारा कोलायत को 750 करोड़ रुपए की सौगातें देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि यह सभी घोषणाएं धरातल पर उतरेंगी तो नए कोलायत नए बीकानेर और नए राजस्थान के निर्माण में सहयोगी साबित होंगी।

ग्रेवल सड़क निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद

नोखा, (कासं)। नोखा थाना क्षेत्र के सिंजगुरू गांव में ग्रेवल सड़क निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। रात को हुई इस घटना में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जातिसूचक गाली गलौज और मारपीट का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

पहले पक्ष के विशाल सिंह ने बताया कि वह सुबह साढ़े नौ बजे अपने भाई अमरसिंह को सिंजगुरू से सिंधु मार्ग पर चल रहे ग्रेवल सड़क के जीर्णोद्धार कार्य पर छोड़ने गए थे। आरोप है कि वहां भरत सिंह और भोजराज सिंह ने उनके साथ मारपीट की और भोजराज सिंह ने उनकी जेब से 4 हजार रूपए निकाल लिए। जब आईदानराम नायक और अमरसिंह ने बीच-बचाव की कोशिश की तो उन्हें धक्का देकर गिरा दिया गया और जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

दूसरी तरफ मोरखाणा निवासी राजूराम का आरोप है कि वह और सिंजगुरू निवासी सुरजाराम मेघवाल ने भरत सिंह का खेत काश्त पर ले रखा है। तड़के 4 बजे उन्होंने देखा कि खेत की सींव पर दो ट्रैक्टर चल रहे थे और तारबंदी टूटी हुई थी, जिससे आवारा पशु फसल को नुकसान पहुंचा रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे सरपंच अजीत सिंह, विशाल सिंह और अमरसिंह समेत 8-10 लोगों से इस बारे में बात करने गए, तो उन्होंने जातिसूचक गालियां दीं और मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-समाचार

विवेकानंद का जीवन दर्शन बताया

राष्ट्रीय युवा दिवस पर एम.जी.एस.यू. में विवेकानंद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

बीकानेर, (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर के संयोजन में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष के रूप में बोलते हुए कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पुस्तकें पढ़ने पर बल देने की बात कही जिससे राष्ट्र के दिव्य पुरूषों और विराट संस्कृति के बारे में उनकी जानकारी अद्यतन रहे। इससे पूर्व डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. मेघना शर्मा ने मंच से स्वागत भाषण में विवेकानंद के शिकागो सम्मेलन के उद्बोधन को सम्मिलित करते हुए उनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने की उपयोगिता व प्रासंगिकता पर संक्षिप्त चर्चा की। आयोजन में एमजीएसयू के विभिन्न विभागों के शिक्षक, अधिकारी व विद्यार्थी शामिल रहे। राष्ट्रीय युवा दिवस पर रविवार को वेटरनरी महाविद्यालय बीकानेर में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर विवेकानंद की मूर्ति पर माला एवं पुष्प अर्पित किये गये। वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी जी के जीवन मूल्यों से हमें स्वयं को पहचानकर मानव परोपकार की प्रेरणा मिलती है। कुलपति आचार्य दीक्षित ने कहा कि स्वामी ने विपरित परिस्थिति काल में धर्म के मानव कल्याण स्वरूप को जन-जन तक पहुंचाया। आचार्य दीक्षित ने फैकल्टी सदस्यों एवं विद्यार्थियों को त्याग, समर्पण, देश भक्ति, राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण एवं आदर्श आचरण को अपनाते हुए जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमे भारतीय सनातन संस्कृति की रक्षा करते हुए मां भारती की सेवा में समर्पण करना चाहिए।

पूगल पंचायत भवन का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से पूगल पंचायत भवन का लोकार्पण किया।

बीकानेर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को आयोजित युवा महोत्सव के दौरान खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र को अनेक सौगातें दी। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से पंचायत समिति पूगल के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। वहीं दंतौर में राजकीय अम्बेडकर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का शिलान्यास भी किया। इस दौरान पूगल में आयोजित कार्यक्रम में खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल और रवि शेखर मेघवाल मौजूद रहे। विधायक डॉ. मेघवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने गत एक वर्ष में खाजूवाला सीमांत क्षेत्र का विशेष ध्यान रखा है और अनेक सौगातें दी हैं। पूगल में बना पंचायत समिति भवन क्षेत्रवासियों और छात्रावास बच्चों के लिए लाभदायक साबित होगा। इस दौरान विधायक डॉ. मेघवाल और रविशेखर मेघवाल ने जैक्सन ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जरूरतमंद लोगों के उपलब्ध करवाए गए एक सौ कम्बल और एक हजार गौवंश के लिए रेडियम बेल्ट का वितरण किया। विधायक ने कहा कि परहित से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। जैक्सन ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सीएसआर मद से जनहित का कार्य किया है। यह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किए जा रहे हैं। इसमें भामाशाहों और दानदाताओं का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गोवंश के गले में रेडियम बेल्ट बांधने से सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा। इस दौरान धर्मपाल बिरड़ा, पूगल सरपंच सिद्धार्थ सिंह भाटी, महावीर सिंह तंवर, हाजी इस्माइल खान, बलराम जाखड़, डूंगरराम सेन, मुकेश शर्मा, सीसीबी चेयरमैन अमित ज्याणी, राकेश सिंह सहोत्रा, सदीक हुसैन, देवीलाल मेघवाल, पूर्व सरपंच राकेश चितलांगिया और दिनेश देहडू आदि मौजूद थे।

लोहड़ी पर तिल पापड़ी की मांग बढ़ी

श्रीगंगानगर, (कासं)। पंजाब के लोकपर्व लोहड़ी का उत्साह राजस्थान के सीमावर्ती जिले श्रीगंगानगर में भी कम नहीं है। यहां पंजाबी अरोड़ा और सिख परिवारों में लोहड़ी मनाने की परम्परा है। ऐसे में रविवार को पर्व का उत्साह देखते ही बनता था। आम तौर पर रविवार के दिन श्रीगंगानगर के बाजार में सन्नाटा पसरा रहता है लेकिन इस बार ऐसा नहीं था। लोहड़ी के लिए लोगों ने जमकर खरीदारी की। मूंगफली, रेवड़ी, तिल, गुड़, खजूर, तिलपट्टी, तिल पापड़ी, गुड़ पापड़ी, मूंगफली की पापड़ी की डिमांड खूब है। एक अनुमान के अनुसार लोहड़ी पर इस बार श्रीगंगानगर जिले में करीब दो सौ से ढाई सौ क्विंटल तक मूंगफली, रेवड़ी, पापड़ी आदि बिकी है। थोक व्यापारी इसकी पुष्टि भी करते हैं। लोहडी पर्व सोमवार को मनाया जायेगा। इस दिन स्कूल कॉलेजों में आयोजन होंगे। वहीं रात को लोग घरों आगे लोहड़ी जलाकर पूजा अर्चना के बाद मूंगफली, रेवड़ी, गजक, गुड़ पापड़ी आदि का प्रसाद वितरण करेंगे। मूंगफली के बिजनेस से जुड़े अरविंद कुमार बताते हैं कि मूंगफली बीकानेर के लूणकरनसर, सवाईमाधोपुर, जयपुर और चौमूं से आती है। लोहड़ी नजदीक आने के साथ ही मूंगफली की डिमांड बढ़ जाती है। इस बार भी बड़ी मात्रा में मूंगफली की डिमांड आई है। वहीं गुड़ और तिल की पापड़ी की बात करें तो यह स्थानीय स्तर पर तो तैयार हो ही रही है। साथ ही पंजाब के बठिंडा और मुक्तसर व हरियाणा के डबवाली में भी लोगों ने इसकी छोटी फैक्ट्रियां लगाई हैं। इन फैक्ट्री पर लोहड़ी पर खूब डिमांड भी निकली है। गुड़ और तिल की पापड़ी के थोक विक्रेता रमेश कुमार बताते हैं कि लोहड़ी पर करीब 200 से 250 क्विंटल तक मूंगफली, तिल और गुड़ की पापड़ी की डिमांड निकलने का अनुमान है। रविवार को बाजार में खूब बिक्री हुई।

जयपुर रोड के भारी वाहन नापासर रूट पर डायवर्ट किये

- ऊंट उत्सव के कारण रूट डायवर्ट किया गया, भारी वाहनों के लिए नो एंट्री रही

बीकानेर, (कासं)। ऊंट उत्सव के कारण रविवार को जयपुर रोड पर हल्दीराम प्याऊ से बाइपास तक भारी वाहनों के लिए नो एंट्री रही। वाहनों को नापासर रूट पर डायवर्ट किया गया। बीकानेर में आयोजित तीन दिवसीय ऊंट उत्सव के तीसरे दिन रविवार को जयपुर रोड स्थित रायसर के धोरों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस दौरान देशी-विदेशी पर्यटकों, अधिकारियों, पुलिसकर्मियों का वहां आना-जाना लगा रहां। इसे देखते हुए पुलिस ने यातायात की विशेष व्यवस्था करते हुए हल्दीराम प्याऊ से जयपुर बाइपास तक भारी वाहनों के आने-जाने पर प्रतिबंध लगाया।

वाहनों को नापासर रूट पर डायवर्ट किया जायेगा। इसके अलावा रायसर में ऊंट उत्सव वाले स्थान पर पहुंचने वाले वाहनों के लिए भी पार्किंग की व्यवस्था की गई है। टीआई नरेश निर्वाण ने आमजन से अपील की है कि ऊंट उत्सव के लिए पहुंचने वाले लोग अपने वाहन निर्धारित पार्किंग पर ही खड़े करें। इसके अलावा भारी वाहन चालक जयपुर रोड पर आने-जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग काम में लें जिससे कि आमजन और पर्यटकों को परेशानी ना हो।

ऊंट उत्सव के दौरान पुलिस को विशेष सतर्कता बरतनी होगी। बड़ी संख्या में लोग रायसर पहुंचेंगे। इस दौरान रास्ते में होटल-ढाबों पर शराब परोसे जाने की आशंका बनी रहती है। युवा शराब पीकर गाड़ी चलाएंगे और कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। वहां भी गाड़ियों में या आसपास के ठिकानों पर जाम छलकेंगे। ऐसे में लड़ाई-झगड़े, सड़क दुर्घटना और महिलाओं से छेड़छाड़ की आशंका बनी रहेगी। पुलिस को चौकन्ना रहना होगा। यातायात व्यवस्था के अलावा शराबियों पर भी नजर रखनी होगी।

बीकानेर से जयपुर की ओर जाने वाले भारी वाहन, बसों को हल्दीराम प्याऊ से रिडमलसर, नापासर, मार्ग होते हुए गुसांईसर की तरफ से जाना होगा। जयपुर रोड से बीकानेर की तरफ आने वाले भारी वाहनों को जयपुर बाइपास चौराहे से नापासर मार्ग होते हुए बीकानेर में प्रवेश दिया जायेगा। जैसलमेर व श्रीगंगानगर रोड से जयपुर की ओर जाने वाले भारी वाहनों को जयपुर बाईपास चौराहे से रिडमलसर, नापासर मार्ग से जाना होगा।

वहीं श्रीडूंगरगढ़ पुलिस का यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़ा अभियान देखने को मिला। नेशनल हाईवे 11 पर पुलिस टीम द्वारा शीशे पर काली फिल्म लगी हुई गाड़ियों, बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चालकों पर कार्रवाई की।

तीन ग्राम हेरोइन सहित महिला गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के श्रीबिजयनगर थाना क्षेत्र में देर शाम पुलिस ने एक महिला को 3.1 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया।

संभवतः महिला हेरोइन बेचने सड़क पर निकली थी। एसएचओ गोविंदराम को युवती के पास हेरोइन होने की सूचना मिली। युवती के रेलवे स्टेशन के आसपास के इलाके में एक्टिव होने का पता लगा। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस इलाके पर कुछ देर नजर रखी गई। इसी दौरान एक युवती की गतिविधियां संदिग्ध नजर आई तो पुलिस ने उसकी तलाशी ली। हेरोइन मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया।

युवती जसवीर कौर श्रीबिजयनगर थाना क्षेत्र के गांव चार बीएलडी की रहने वाली है। युवती की तलाशी लेने पर उसके पास 3.1 हेरोइन बरामद हुई। इस पर उसे थाने लाया गया। मामले की जांच जैतसर एसएचओ इमरान खान को दी गई है। खान ने बताया कि श्रीबिजयनगर पुलिस ने युवती को गिरफ्तार किया है।

मावठ के बाद सर्द हवा से ठिठुरन बढ़ी

- रविवार सुबह हल्का कोहरा छाया रहा और सर्द हवा से ठिठुरन बनी रही
- सुबह के समय सड़कों पर निकले लोग ऊनी कंबल से खुद का ढके नजर आए

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में हुई बूंदाबांदी का असर रविवार को भी नजर आया। शनिवार शाम अधिकतम तापमान में एक ही दिन में 11.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। इसके असर से रविवार सुबह हल्का कोहरा छाया रहा और सर्द हवा से ठिठुरन बनी रही।

हालात कंपकंपी वाले रहे। सुबह के समय सड़कों पर निकले लोग ऊनी कंबल से खुद का ढके नजर आए। रविवार का दिन होने से हालांकि सड़कों पर आवाजाही कम थी। लेकिन सब्जी, दूध और ब्रेड के विक्रेता ठिठुरते हुए सड़कों पर निकले दिखाई दिए। जिले में वेस्टर्न डिस्टरबेंस असर दिखा रहा है। इसके असर से शनिवार रात तक बूंदाबांदी जारी थी। रविवार सुबह बरसात तो नहीं थी, लेकिन भीगी सड़कों पर तेज सर्दी का असर था। मौसम के एक्सपर्ट बताते हैं कि अगले 24 घंटे भी सर्द रह सकते हैं।

इस दौरान कोहरा छा सकता है और जिले में कुछ जगह बूंदाबांदी भी हो सकती है। बूंदाबांदी के असर से शनिवार को अधिकतम तापमान में 11.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट का असर यह था कि सुबह से दिन बेहद सर्द बना हुआ था। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस था। वहीं शनिवार को यह 10.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

महिला ने 108 एम्बुलेंस में ही बच्ची को जन्मा

- महिला को 108 एम्बुलेंस में अस्पताल लेकर जा रहे थे, रास्ते में ही दर्द होने पर नर्सिंग स्टॉफ व ड्राइवर ने प्रसव कराया

बीकानेर, (कासं)। जिले के कालू गांव में एक महिला ने एम्बुलेंस में ही एक बच्ची को जन्म दिया। इस महिला को एम्बुलेंस में ही अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में उसे दर्द हुआ तो नर्सिंग स्टॉफ और ड्राइवर ने गाड़ी को रोककर उसकी डिलीवरी करवाई।

लूणकरनसर के पास ही स्थित कालू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से महिला को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल ले जाया जा रहा था। शाम करीब पौने पांच बजे एम्बुलेंस रास्ते में ही थी कि नोरंगदेसर के पास उसे तेज दर्द हुआ। इस पर गाड़ी को वहीं रोककर नर्सिंग कर्मचरी रामलाल गोदारा ने डिलीवरी करवाई। महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। जिसके बाद उसे तुरंत पीबीएम अस्पताल ले गए जहां जनाना अस्पताल में भर्ती कराया गया। गनीमत है कि रास्ते में डिलीवरी के बाद भी महिला और उसकी नवजात बेटी दोनों पूरी तरह से सुरक्षित है। महिला को आगामी उपचार पीबीएम अस्पताल में दिया जा रहा है। ये पहला मौका नहीं है जब एम्बुलेंस 108 में डिलीवरी हुई है।

लापता युवक का नहीं लगा सुराग

हनुमानगढ़, (कासं)। टाउन थाना क्षेत्र के चक 11 केएसपी का रहने वाला 17 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। तीन दिन बाद भी किशोर का कोई सुराग नहीं लग पाया।

किशोर के पिता की रिपोर्ट पर टाउन पुलिस थाना में अपहरण करने के आरोप में अज्ञात शख्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार मुण्डा चक 11 केएसपी ढाणी निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र काशीराम ने रिपोर्ट दी कि उसका लड़का प्रिंस कुमार 8 जनवरी की सुबह 9 बजे अपने काम पर गया था लेकिन शाम को वापस घर नहीं आया। इस पर उसने प्रिंस कुमार के दोस्तों व उसके साथ काम करने वालों से पूछा तो उन्होंने कहा कि प्रिंस कुमार आज काम पर भी नहीं आया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

बीकानेर में बारिश से सर्दी के तीखे तेवर, कोहरा व गलन

- ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह सवेरे विजिबिलिटी बहुत कम रही
- बीकानेर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश भी हुई

बीकानेर,(कासं)। देर रात बीकानेर में घना कोहरा रहा, जिसके चलते सुबह साढ़े ग्यारह बजे तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो सके। अब तक हवा में ठंडक और गलन के चलते लोग रविवार को छुट्टी के दिन बाहर निकलने के बजाय घर में दुबके हुए हैं। बीकानेर में सोमवार से मौसम साफ और शुष्क रहने की भविष्यवाणी मौसम विभाग कर चुका है।

रात करीब दस बजे ठंडी हवा शुरू हुई ओर रात ग्यारह बजे तक कोहरा छाने लगा। हालात ये हुए कि रात में विजिबिलिटी कम हो गई। रोड लाइट्स पर कोहरा साफ नजर आने लगा। रविवार सुबह जब लोग नींद से उठे तो चारों तरफ कोहरा था। विजिबिलिटी महज बीस मीटर के आसपास रह गई थी। हालांकि इसके बाद कोहरा खत्म हो गया लेकिन सूर्य के दर्शन नहीं हो पाए। हवा में ठंडक के चलते गलन का अहसास हो रहा है। आज दिन भर मौसम ठंडा रहेगा और धूप के लिए तरसना पड़ सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह सवेरे विजिबिलिटी बहुत कम रही। बीकानेर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश भी दर्ज की गई है। श्रीगंगानगर से सटे बीकानेर के गांवों में रविवार सुबह हल्की बारिश मौसम विभाग के मुताबिक हुई है। इसमें एक से चार एमएम तक बारिश दर्ज की गई है।

बीकानेर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। रविवार को अधिकतम पारा सोलह डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है जो शनिवार को ज्यादा था। वहीं न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। बीती रात बीकानेर में घने कोहरे के चलते न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

मांड लोक गायक अली गनी के सुरीले गीतों पर विदेशी पर्यटक व दर्शक झूमे

ऊंट उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने चरी नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी।

- स्थानीय कलाकार वर्षा सैनी द्वारा प्रस्तुत चरी नृत्य पर स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा

बीकानेर, (कासं)। अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव के दौरान डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में लोक-संस्कृति और लोक धुनों की थाप ने शाम को बेहद खास और खुबसूरत बना दिया। डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में देर शाम फॉक नाइट का आयोजन हुआ।

राजस्थानी लोक गीत और लोक धुनों से सजे इस कार्यक्रम में दर्शकों के साथ पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने भी संगीत की धुनों का लुत्फ उठाया। इस दौरान राजस्थानी लोक कलाकारों सहित अन्य प्रदेशों के कलाकारों द्वारा भी प्रस्तुतियां दी गई। पद्मश्री से सम्मानित बीकानेर के मांड लोक गायक अली गनी ने सुरीले गीतों ने विदेशी पर्यटकों को राजस्थानी संस्कृति का परिचय दिया। उनके गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। स्थानीय कलाकार वर्षा सैनी द्वारा प्रस्तुत चरी नृत्य पर स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। महाराष्ट्र का लोक नृत्य सोंगी मुखौटा एवं मथुरा के मयूर नृत्य ने सैलानियों का दिल जीत लिया। कलाकारों ने घूमर, भंगड़ा, घुटना चकरी, फाग, हरियाणवी घूमर, नौरता सहित अन्य नृत्यों ने पर्यटकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर देशी और विदेशी सैलानी इन पलों को कैमरे में कैद करते नजर आए।

अंतर्राष्ट्रीय ऊंट उत्सव में डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में मिस मरवण, मिस्टर बीकाणा, ढोला मरवण प्रतियोगिताएं विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। महक दफ्तरी ने मिस मरवण का खिताब जीता। निर्मला शर्मा द्वितीय एवं आकांक्षा सुथार तृतीय स्थान पर रही। मिस्टर बीकाणा का खिताब योगेश सेवग ने जीता। वहीं मुकेश भोजक द्वितीय व प्रेमरतन, जगमाल सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

एलएनपी नहर में आया कटाव

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के कैंचिया इलाके के पास देर शाम एलएनपी नहर में कटाव आया। 50 एलएनपी मोघे के पास करीब 25 फीट चौड़ा कटाव आ गया। किसानों ने करीब 10 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद इसको ठीक किया। इससे कई किसानों की बारियों पर असर पड़ा।

नहर में आये कटाव से आसपास की कई बीघा जमीन पर पानी भर गया। किसानों को देर शाम 50 एलएनपी मोघे के पास नहर में कटाव आने की सूचना मिली। इस पर बड़ी संख्या में किसान मौके पर पहुंचे। छह जेसीबी मशीन मौके पर मंगवाई गई। इन मशीनों की मदद से मिट्टी से नहर को बांधने का प्रयास शुरू किया गया किसानों की सूचना पर मौके पर एईएन अनिल कुमार और जेईएन छतरसिंह पहुंचे। दोनों अधिकारियों की देखरेख में रात किसान नहर बांधने के काम में जुटे रहे। सबसे पहले पास स्थित खेतों और ढाणी की तरफ जा रहे पानी को रोका गया। इसके बाद के टूटे हिस्से को बांधने का काम शुरू किया गया।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 05.12.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शिमला देवी पत्नी श्री कमल, श्री संभव खन्ना पुत्र श्री कमल खन्ना एवं गुंजन खन्ना पुत्री श्री कमल खन्ना निवासी एसओ-06, रिद्धि-सिद्धि प्रथम, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण		
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवरण	जायज वारिसों का विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 2 एमएल मुख्या नं. 53 किला नं. 19 में माप 30 इंटू 60 फीट, भू.सं. एसओ-06, रिद्धि-सिद्धि एक्लेव श्रीगंगानगर	नियमन पट्टा सं. 6983 दिनांक 13.5.2009 को श्री कमल खन्ना पुत्र श्री शिव कुमार खन्ना के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री कमल खन्ना की मृत्यु दिनांक 22.9.2019 को हो चुकी है।	1. शिमला देवी-पत्नी 2. गुंजन खन्ना-पुत्री 3. संभव खन्ना-पुत्र	श्री कमल खन्ना की मृत्यु उपरांत इनके वारिसों द्वारा उक्त भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती शिमला देवी पत्नी श्री कमल, श्री संभव खन्ना पुत्र श्री कमल खन्ना एवं गुंजन खन्ना पुत्री श्री कमल खन्ना निवासी एसओ-06, रिद्धि-सिद्धि प्रथम, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/1055 Rajbaj Ref No. 12163985 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर